कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक -डी0आई0सी0/2022/857, दिनांक - 23.08.2022

अति आवश्यकीय

सेवा में,

1. निदेशक/प्राचार्य,
समस्त परिसर/राजकीय महाविद्यालय/संस्थान,
सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

2. संकायाध्यक्ष,
समस्त संकाय,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

विषय- स्नातक प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष (जहाँ लागू हो)/व्यवसायिक पाठ्यक्रम (जहाँ अर्हता 10+2 उत्तीर्ण हो) की कक्षाओं में परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में ऑनलाईन पंजीकरण से वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में संचालित है। परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों में कतिपय अभ्यर्थी प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण करने से वंचित रह गये है। कतिपय महाविद्यालयों के अनुरोध पर माननीय कुलपति जी के निर्देशों के अनुपालन में छात्रहित में ऐसे अभ्यर्थियों हेतु परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों को निम्नांकित प्रतिबन्धों के साथ प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाती है -

1. ऐसे समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश महाविद्यालय/परिसर/संस्थान स्तर पर ही प्रदान किया जायेगा।
2. ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश रिक्त सीटों के सापेक्ष ही प्रदान किया जाना होगा।
3. महाविद्यालय/परिसर/संस्थान स्तर पर ही योग्यता सूची के आधार पर ही उपरोक्त अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रदान किया जायेगा।
4. प्रवेश दिये जाने से पूर्व उक्त कक्षा/पाठ्यक्रम में लागू प्रवेश नियमावली तथा पाठ्यक्रमों में लागू आर्डिनेन्सों में उल्लिखित समस्त नियमों तथा समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत संशोधनों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना होगा।

प्रवेश दिये जाने के उपरान्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर अभ्यर्थियों का डाटा ऑनलाईन पोर्टल में लाग-ईन आई0 डी0 तथा पासवर्ड (College Dashboard) के माध्यम से अंकित करना अनिवार्य होगा जिससे उक्त अभ्यर्थियों का डेटा विश्वविद्यालय को प्राप्त हो सकेगा। इस कार्य हेतु परिसर/महाविद्यालय/संस्थान को निम्नांकित कार्य करने होंगे -

1. सर्वप्रथम परिसर/महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रदान करने के उपरान्त विद्यार्थी के समस्त डेटा को विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा ट्रान्जेक्शन शुल्क (रू0 50.00) की रसीद पर प्रदत्त ट्रान्जेक्शन संख्या (Transaction Number) के माध्यम से सम्बन्धित पाठ्यक्रम में पंजीकृत कर उसे ऑनलाईन पोर्टल पर प्रवेशित दर्शाना होगा।
2. यदि अभ्यर्थी पहले से ही विश्वविद्यालय के पोर्टल में पंजीकृत है तथा वह दूसरे महाविद्यालय अथवा कक्षा/कोर्स में प्रवेश लेना चाहता है तो उसे पहले से प्रदत्त ट्रान्जेक्शन संख्या (Transaction Number) के माध्यम से सम्बन्धित पाठ्यक्रम में पंजीकृत कर उसे ऑनलाईन पोर्टल पर प्रवेशित दर्शाना होगा।

परिसर/महाविद्यालय/संस्थान द्वारा ऐसे प्रवेशित अभ्यर्थियों को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेशित दर्शाना अनिवार्य होगा। जिसके अभाव में विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त माना जायेगा तथा वह परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पायेगा।

इसके अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि जिन विद्यार्थियों द्वारा वर्तमान तिथि तक अपनी अर्हता कक्षा में प्राप्त अंकों को विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपडेट नहीं कर पायें हैं उन्हें उनके पत्रजातों के आधार पर योग्यता सूची में आने की दशा में सम्बन्धित महाविद्यालयों में प्रवेश प्रदान किया जा सकता है।

भवदीय,

निदेशक, डी0 आई0 सी0/संयोजक प्रवेश

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशालय, गौलापार, हल्द्वानी को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. परीक्षा नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

निदेशक, डी0 आई0 सी0/संयोजक प्रवेश